संख्या–2322 /अड़तीस–7–2013–407नरेगा/2010

प्रेषक,

अरूण सिंघल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–समस्त जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।
2–समस्त मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य बिकास अनुभाग–7 लखनऊः दिनांकः 16 जुलाई, 2013

विषयः–**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत वर्ष 2013–14 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार वृक्षारोपण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या–210/14–5–2013–240/2012, दिनांकः 18–02–2013 जो अन्य के अतिरिक्त समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारियों को सम्बोधित है, में ग्राम्य विकास विभाग के लिए वर्ष 2013–14 में 78.65 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में अभी तक प्राप्त जनपदवार जानकारी के अनुसार मात्र 6,95,608.00 पौधे ही रोपित कराये गये है। वृक्षारोपण कार्य मौसम आधारित कार्य है। इसे वर्षाकाल (जुलाई से सितम्बर तक) में ही पूर्ण किया जाना होता है।

2– चूंकि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनपदवार प्रगति बहुत ही कम है। अतः कृपया इस संबंध में शीघ्र त्वारित एवं समयबद्व कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कार्य उपरोक्त अवधि में पूर्ण कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए सूचना आयुक्त, ग्राम्य विकास एवं शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अरूण सिंघल)
प्रमुख सचिव।

संख्या– 2322 (1)/अड़तीस–7–2013 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, वन विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0 लखनऊ/अपर प्रमुख वन संरक्षक सामाजिक एवं कृषि वानिकी, उ0प्र0, लखनऊ।
3. आयुक्त/रोजगार गारण्टी आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश।
4. अपर आयुक्त(मनरेगा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
5. समस्त संयुक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक/परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, उ0प्र0।
6. श्री राम नेवाज, वरिष्ठ उपायुक्त/नोडल अधिकारी, वृक्षारोपण, ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से

(उमा कान्त पाठक)
अनु सचिव